Vol. II
No. 21



Friday
17th September, 1954

HYDERABAD LEGISLATIVE ASSEMBLY

DEBATES

Official Report

PART II—PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

CONTENTS

Note :— * at the commencement of the speech denotes confirmation not received.

THE HYDERABAD LEGISLATIVE ASSEMBLY

Friday, the 17th September, 1954

The House met at Half Past Two of the Clock.

[MR. SPEAKER IN THE CHAIR]

Questions and Answers

(See Part I)

Presentation of the Report of the Committee on Unemployment and Under-employment

The Minister for Public Works and Labour (Dr. G. S. Melkote): I beg to present the Report of the Committee on Unemployment and Under-employment.

Mr. Speaker: The report is presented.

Dr. G. S. Melkote: This Committee was constituted by the Hyderabad Legislative Assembly on 18th July, 1952. The report presented to the House includes a note of dissent by three hon. Members of the Committee namely Shri B. D. Deshmukh, Shri V. D. Deshpande and Shri Annaji Rao Gavane. While presenting this report I have to acknowledge with thanks the valuable services rendered by my colleagues in drawing up this report.

L. A. Bill No. XXXIV of 1954, the Hyderabad Pathology Bill, 1954

The Minister for Medical, Public Health and Rural Reconstruction (Shri Mehdi Nawaz Jung): I beg to introduce:

"L. A. Bill No. XXXIV of 1954, the Hyderabad Pathology and Anatomy Bill, 1954".

Mr. Speaker: The Bill is introduced.

Discussion on the Revenue Department Notification No. 53, dated 2-9-1954; re: Land Commission Report.

श्री रामगोपाल रामकिशन नावंदर (कन्नड) :— तारीख १३ को अेक मोशन रेविन्यु डिपार्टमेंट के नोटीफिकेशन के लिहाज से यहां मूव्ह किया गया और आज अुस पर बहस शुरू हो रही है। यह मसला बहुत अहम है अिसलिये हाअुस के अिस जानिब के और अुस जानिब के, और खास तौर पर अिस जानिब के भी आनरेबल मेंबर्स में अिसके बारे में बुनियादी अेखतलाफ नजर आता है। . .

شری کے۔وی۔ نارائن ریڈی (راج گوپال پیٹھ) :— مسٹر اسپیکر سر۔ میں اس رپورٹ کے صفحہ (۹۶) کی طرف آپ کی توجۂ مبذول کروانا چاھتا ھوں۔ اس میں تھوڑی سی غلطی ھے۔ یہاں '' وائڈ پیارا ،،(Vide para)(۱۲۴) کی بجائے پیارا (۱۰۲۱) ھونا چاھئے۔ اوسکے بعد دوسرے سنٹنس میں ''ان پیارا (In para) (۱۸۰)کی بجائے (۱۷۱) ھونا چاھئے،،۔

श्री. रामगोपाल रामकिशन नावंदर :—अिस नोटीफिकेशन के लिहाज से लॅंड कमीशन टेनन्सी अॅंड अग्रीकल्चरल अॅक्ट १९५० की दफा ८७ के तहत कायम किया गया था और अुन्होंने यह रिपोर्ट दफा ३ और ४ के सूचनाओं को सामने रखते हुअे की है और अिस को ध्यान में रख ते हुअे अुन्होंने फॅमिली होल्डिंग और अिसके तमाम चीजों की जानकारी हासिल कर के फॅमिली होल्डिंग और लोकल अेरिया तय कीये है। अिसके बावजूद हम लोगों में अिस जमीन के मसले पर अेक्तिलाफ है। लेकिन वह बहस अब अिस जगह नहीं होसकती क्योंकि वह कानून के बनते वक्त हो चुकी है और अुसके बाद यह कानून यहां पर आ गया है। अिस कानून की दफा के तहत लॅंड कमीशन ने छः महीने के मुकररा वक्त में यह काम किया है। कमीशन ने बहुत मेहनत कर के, दौरा कर के, बहुत से लोगों से मशविरा करके अेक अैसी रिपोर्ट पेश की है जिसको पढने पर यह कहने लिये के तामूल नहीं होना चाहिये कि कानून के स्पिरिट (Spirit) को बहुत हद तक अिम्प्लिमेंट (Implement) करने के लिहाज से आसान कर के यह पेश की गअी है। अिसलिये हम अुनको धन्यवाद दिये बगैर नहीं रह सकते। हमारे मुल्क का यह बहुत बडा मसला है। हर पार्टी और हर किसमके के लोग अिस मसले को अेक बुनियादी मसला समझते हैं। जिराअत की तरक्की के सिलसिले में अुनके खियालात अलग अलग हो सकते हैं लेकिन अिससे अेख्तिलाफ नहीं हो सकता कि यह अेक बुनियादी मसला है। मुल्क की आजादी को हासिल करने के बाद हमें अपनी आर्थिक आजादी को हासिल करना है। हमें अिसको अच्छी तरीके से हल करना चाहिये। अिस लिहाज से जो कानून बनाया गया है अुसकी रोशनी में जितनी जल्द और आसानी से हो सके अुतनी जल्द अुसे अिम्प्लीमेंट कर सकें, अिसलिये यह रिपोर्ट पेश की गअी है। अिस मसले को हल करते वक्त बहुत से लोगों का ख्याल था कि आनवारी को बेसिस करार न देते हुअे लॅंड रेवीन्यू को बेसिस समझें, लेकिन यह बात कानून बनाते वक्त नहीं मानी गअी। पूरी रिपोर्ट और आखिरी रेकमेंडेशन (Recommendation) पढने के बाद मैं अिस नतीजे पर पहुंचा हूं कि अितना खर्च और मेहनत करने के बाद, तीन चार हजार लोगों के देहातों में घूमकर स्टेटमेंट लेने के बाद कमीशन ने वही राय दी थी जो कानून बनते वक्त हावुस ने दी थी। अिस लिहाज से अिस मामले को आसानी से हल करने के लिये लॅंड रेवीन्यू बेसिस करार दिया जाता तो मुनासिब होता, लेकिन वक्त गुजर चुका और रिपोर्ट कानून की दफा ४ के तहत हमारे सामने पेश की गअी है। करीब २०० सफे की यह रिपोर्ट है। अिसमें से चंद चीजों पर मैं अपने ख्यालात पेश करूंगा। अिस मसले

पर हमें जरा शांति से सोचना चाहिये। मुल्क में आज तक अिस मसले को हल करने की कअी कोशिशें हुअीं, कुछ कामयाब हुअीं कुछ नाकामयाब रहीं। हैद्राबाद में भी अिस तरह की कोशिश हुअी और कुछ तृटियों के साथ क्यों न हो लेकिन अेक प्रोग्रेसिव्ह (Progressive) कानून हमने बानाया। और अुसके नतीजे के तौर पर यह रिपोर्ट हमारे सामने आअी है। जमीन का मसला हल करते वक्त जमीन पर जिन चीजों का असर होता है अुन तमाम चीजों का ख्याल रखना पडता है। जमीन में कअी तरह के भेद होते हैं। आनेवारी के हिसाब से देखें तो सैंकडों अकसाम हो जायेंगे। अुसके लिहज से फैमिली होल्डिंग और लोकल अेरियाज तय करना बहुत मुश्किल होजाता है। जमीन कअी रंगों की होती है, काली, लाल, मुरमट और पथरेली भी होती है। जमीन के रंग के साथ साथ अुनकी गहराअी भी देखनी पडती है। जिस जमीन की गहराअी ६ अिंच है अुसका अुत्पादन अुस जमीन से कम होगा जिसकी गहराअी दो या तीन फीट है। साथ साथ यह भी देखना पडता है कि जमीन में कॅलशियम (Calcium) या दूसरे क्षार द्रव्य किस प्रमाण में हैं। अिन तमाम चीजों की वजह से जमीन की ताकत कम ज्यादा होती है। लॅंड कमीशन ने अिन तमाम चीजों का ख्याल रखकर अुसके अूपर अपनी तफसीली रिपोर्ट पेश की है। अिसके साथ साथ जब हम जमीन के मसायल को देखते हैं तो बारिश कहां कितनी होती है, अुसको भी नहीं भूल सकते, क्योंकि अिस लॅंड प्रॉब्लेम (Land Problem) पर पानी का बहुत ज्यादा असर होता है। हमारे प्रदेश के कुछ हिस्सों में १० अिंच से लेकर ज्यादा से ज्यादा ४० अिंच तक बारिश होती है अिसलिये पैदावार में हर साल फर्क होता रहता है। बारिश ठीक हुअी तो पैदावार अच्छी होती है, कम या ज्यादा हुअी तो फसल खराब हो जाती है।

अिसके बाद दूसरा मसला आबोहवा का होता है। आबोहवा पर बहुत फसलें मुनहसिर होती हैं। अिसे भी हमें नहीं भूलना चाहिये। आबोहवा के लिहाज से पैदावार अलग अलग होती हैं। अेक ही किसम की जमीन में अेक जगह जवारी होती है तो दूसरी जगह नहीं होती, अैसा क्यों होता है ? अिसका कारण यह है कि जमीन अेक सी है लेकिन दोनों जगहों की आबोहवा अेकसी नहीं है। जवारी के लिये जिस तरह की आबोहवा की जरूरत है वैसी किसी स्थान पर न रहने के कारण वहां जवारी नहीं हो सकती। अेक जगह गेहूं होता है दूसरी जगह वह नहीं होता, अिसकी वजह भी आबोहवा ही है। वरंगल और औरंगाबाद में दोनों जगह अेक ही किसम की काली जमीन है, लेकिन औरंगाबाद में कपास होती है और वरंगल में वह नहीं होती। जमीन अेकसी होने पर भी अैसा क्यों होता है ? अिसकी वजह यही है कि दोनों स्थानों का हवामान अलग अलग है। यही बडे पेचीदे मसले जमीन का मसला हल करते वक्त हमारे सामने आते हैं। अिसी को ख्याल में रखकर लॅन्ड कमिशन ने अपना रिपोर्ट पेश किया है।

अिसके बाद हमारे सामने हालात का मसला आता है। हालात यानी जो काश्तकार खेती करते हैं अुनकी आर्थिक स्थिति का भी लिहाज यहां पर करना पडता है। आजकल हम बहुत ही जल्द मशीन युग की तरफ जा रहे हैं। आज का युग ही मशीन युग कहलाता है और हर अेक काम में आज हम मशिन का अिस्तेमाल करने की कोशिश कर रह हैं। अुसी तरह से आज हम खेती में मशिनों का अुपयोग करने लगे हैं। आजकल खेती में ट्रॅक्टर (Tractor) का अुपयोग करने लगे हैं। लेकिन सब जगह आज भी ट्रॅक्टर का अिस्तेमाल नहीं हो रहा है, क्योंकि

सब को ट्रक्टर लेने की आज भी शक्ती नहीं है और वे नहीं ले सकते हैं। आज भी कअी जगह वही पुराने नांगरोंसे काम लिया जा रहा है। कअी जगह आज भी वही पूराने लकडी के नागरों से खेती की जा रही है। कहने का मतलब यह है कि हर जगह अेक ही किसम के औजारों का अिस्तेमाल नहीं होता है। अलग अलग स्थान पर अलग अलग किसम के औजार काम में लाये जाते हैं, और अुसी पर पैदावार का प्रमाण अवलंबित रहता है। अेक ही किसम की जमीन पर यदि आप अलग अलग तरह औजारोंका अिस्तेमाल करें तो अलग अलग तरह की पैदावार होती हैं। कहीं पैदावार ज्यादा होती है तो कही कम होती है। अिस लिये फॅमिली होल्डिंग का और लोकल (Local area) का तायुन करते वक्त अिन सब बातों का लिहाज किया जाना चाहिये। बाजार भाव भी कम ज्यादा हुवा करते हैं, अुन्हें भी अिन बातों को सोंचते समय ख्याल में रखना पडता है। १६०० रुपये का जो अिनकम रखा गया है अुसमें पचास परसेंट खर्चा जाता है और नेट अिनकम ८०० रुपये का होता है, अैसा माना गया है। लँड कमिशन ने जो फॅमिली होल्डिंग तय किया है अुसमें बताया है कि फॅमिली होल्डिंग जो भी रखा गया है अुसमें डेढ गुना का अिजाफा करना जरूरी है। अिसके बारे में सोंचा जाना चाहिये। लॅन्ड कमिशन ने यह कोशिश की है कि आसान से आसान तरीके हों और अुसमें कॉम्प्लिकेशन (Complication) न हो। लेकिन मेरा कहना यह है कि असान से आसान तरीका निकालते समय अिस अॅक्ट का जो मकसद था वही फौत हो रहा है। आपको

"Below eight annas and above eight annas"

अिस तरह का क्लासिफिकेशन (Classification) करना जरूरी था लेकिन अु तरह से नहीं किया गया। फॅमिली होल्डिंग तय करते वक्त अिसका लिहाज किया जाना चाहिये था, लेकिन आज लॅन्ड कमिशन के रिपोर्ट से जो चीज नजर आ रही है वह बिलकुल ही नअी है। अिसमें तो कानून का अिसके बारे में जो नजरीया था अुसे ही खतम किया गया है। अलग अलग किसम सॉअिल की होती है, अुसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। अिससे यही होगा की आपन जिस मकसद से यह कानून लायाहै वह पूरा नहीं होगा और लोगों को जमीन कम मिलेगी, और लोगों पर ज्यादा अन्याय होगा। अिसका लाजमी नतीजा यही होगा की अुसका असर प्रोटेक्टेड टेनंट सब टेनंट, टेनंट्स आदि सब पर पडेगा। और जो भी व्यक्ति का जमीन से तालुक होता है अुन सब पर अिसका असर पडना लाजमी है। अिन तमाम चीजों को सोंचा जाना चाहिये था। जमीन के टुकडों का भी मसला यहीं पर आजाता है। रोटेशन (Rotation) कल्टिवेशन (Cultivation) और सुपरविजन (Supervision) यह फॅक्टर्स हैं जिनका असर अुपजपर होता है। यदि जमीन का टुकडा ज्यादा बडा रहा तो कास्तकार अुसकी तरफ ज्यादा ध्यान नहीं दे सकता है, अगर वह अकेला हो और कंपेरिटिव्हली (Comparatively) अुसकी आमदनी कम होजाती है, और अॅवरेज अील्ड (Average yield) घट जाती है। पैसे ज्यादा खर्च करने पडते हैं और अुसके बनिसबत आमदनी कम होजाती है, और अेवरेज अिन्कम भी कम होजाता है। अिन हालात के लिहाज से लॅन्ड कमिशन ने जो रेकमेंडेशन्स दिये हैं वही सही हैं। अिन हालात में कानून के मसलों और दूसरे तमाम मसलों की तरफ नहीं देखा जाना चाहिये। यह कानून ही अितना पेचीदा है और यह मसला भी कितना पेचीदा है कि अच्छे अच्छे वकील और तालीमयाफता लोग भी अिसे अभी तक बराबर नहीं समझ

पाये हैं। अैसी हालत में काश्तकार जो बिचारा अनपढ़ है और जो देहातों के लोग हैं वह अिसे किस तरह समझ सकेंगे ? अिसमें जो टेबल आदि दिये हैं वे समझाना अिन लोगों के लिये नामुमकिन ही होगा। अिस कानून से जमीन के मसले को हल करने की जो कोशिश की जा रही है और जो रिफार्म लाया जा रहा है और अुसके तहत जो जमीन मिलनेवाली है और अिसके पहले जिनको गैर कानूनी अेखत्यार मिले थे अुसे अेकदम खतम करने के लिये हमारे पास आज जो रिपोर्ट आअी है अुसके बाद अब अिस कानून को फौरन अमल में लाना चाहिये ,तो अिसके नतायज अच्छे होंगे और अिसका मकसद पूरा होगा। अिसकेबिना लोग अिससे मुतमयीन न होंगे कि अिस कानून के जरिये से सचमुच ही जमीन मिल सकती है। अिससे आज जो चेक्स अन्ड बान्डस (Checks & Bonds) हैं वे खतम होंगे। और अिसको जल्द से जल्द अिम्पलीमेंट (Implement) करने की जरूरत है। आज बडेबडे जमीनदारों के पास जो जमीन हैं, वह काश्तकारोंको मिलनी चाहिये। किसको कम या किसको ज्यादा जमीन मिलेगी यह महत्वका सवाल नहीं है, लेकिन पहले अुन्हें कुछ न कुछ जमीन मिलनी चाहिये ताकि अुन्हें मालूम हो सकें कि अिस कानून से भी जमीन मिल सकती है, और अुनको यह मालूम होगा कि अिस कानून के तहत जमीन बटना शुरू होगअी है। लेकिन यदि ज्यादा हिस्से पडते हैं तो अुसके लिये हमें चेक लगाना चाहिये। आज हमारी जमीन के काश्तकार कअी तरह के हैं। टेनंटस हैं, शिकमीदार हैं, प्रोटेक्टेड टेनंटस हैं, और लॅन्ड रेविन्यू लेने की रैयतवारी सिस्टिम कअी जगह नाफिज है। रैयतवारी सिस्टम में जमीनदार काश्तकारों को लूटते हैं। अिस कानून के बाद अुन्हे कम मौके रहेंगे।

पहले कहा जाता था कि लॅन्ड रेविन्यु बेसेस (Land Revenue basis) अच्छा नहीं है, लेकिन अब कमिशन ने कअी जगह अुसे माना है जमीन की बहुत से किसमें हैं और अलग अलग किसम की जमीनें अेकही मुकमात पर हैं, अिसको सोंचकर लॅन्ड कमिशन ने यह तसफिया किया है।

अिसका तायुन करते वक्त वे रेविन्यु सर्कलतक गये हैं। मेरा तो कहना है कि लॅन्ड कमिशन देहात में जाकर देखभाल करता तो ज्यादा अच्छा होता क्योंकि यह मसला अितना पेचीदा है कि रेविन्यु सर्कल बहुत बडे बडे बनाये गये हैं। अेक अेक तालुके के रेविन्यु सर्कल बनाया गया है और अुसमें अलग अलग किसम की जमीनें आती हैं, अिस लिये अेक किसम की जमीन देखर जरूरत हो तो रेविन्यु सर्कल को स्प्लिटअप् (Split up) भी किया जा सकता है। लेकिन यह कहा गया कि अिस तरह से अुसे स्पिलट अप नहीं किया जा सकता है, और यह सही भी है। अिस तरह से अिसे स्प्लिट अप करने के लिये जो कहा जा रहा है, वह सही नहीं होगा, और लॅन्ड कमिशन ने जो लोकल अेरियाज बनाये हैं वह काफी ठीक हैं।

लॅन्ड कमिशन ने और दूसरी जो रेकमेंडेशन्स (Recommendations) की हैं वह भी काफी अच्छी हैं। फॅमिली होल्डिंग (Family holding) का तायुन करते वक्त लॅन्ड कमिशन (Land Commission) ने साधारणतः २१ अेकड जमीन अिसके लिये रखी है, और यदि कोअी जमीन अिरिगेशन के तहत हो तो अुसके लिये ज्यादा से ज्यादा ६० अेकड रखा गया है। वर्क युनिट का लिहाज फॅमिली होल्डिंग और वक्त युनिट

अेकही नहीं हो सकता है क्योंकि फॅमिली होल्डिंग यदि छोटा हो तो अेक वर्क युनिट में २ फॅमिली होल्डिंग्स भी आ सकते हैं, लेकिन हमने अिस में दूसरी बात भी रखी हैं। वह १६०० रुपये की आमदनी की है। फॅमिली होल्डिंग बनाते वक्त अिसका लिहाज किया गया है।

अिसके बाद लॅन्ड कमिशन ने अलग अलग अेक्साम की जमीनात के बारे में जो बतलाया है अुसके बारे में अेक टेबल बनाकर हमारे सामने रखा गया है। और जमीनात को अलग अलग अकसाम में तकसीम करने का बताया है। और अुसका अेक टेबल हमारे सामने रख दिया गया है। लेकिन लॅन्ड रेविन्यु के ऑफिस में हम जाते हैं तो अिसका कोअी पता नहीं लगता है। अिसमें यह बताया गया है कि ८ आने की अूपर की जमीन कौनसी हैं और आठ आने के निचे की कौन्सी है, लेकिन यह बताना प्रॅक्टीकली नहीं हो सकता, अिस लिये कमिशन ने अपने रिबपोर्ट में यह नहीं बताया है। और सिंप्लिसिटी के लिहाज से यह प्रॅक्टिकल भी नहीं होता है।

अेक अेक जगह दो दो अेकसाल की जमीन है। अिस लिये काफी लॅट्टिटचूड (Latitude) रखना पडा है। अिसमें काश्तकारों को नजात मिल सकती है। सादो जमीन के लिये यह अलग अलग रखा गया है लेकिन वेट लॅन्ड (Wet land) की हृदतक अिस तरह से अलग अलग नहीं रखा गया है। सब वेट लॅन्ड के लिये ६ अेकड से ९ अेकड किया गया है। वेट लॅन्ड जो बावली के तहत रहते हैं, वहाँ वह आदमी खुद बावली खुदवाता है, खर्चा करता है और ज्यादा पैदावार पैंदा करता है, अिस लिये अुसे दूसरे जमीनात के मुमासिल रखा गया है। डबल क्राप जहां होता है, वहां पर ४ अेकड रखा गया है, और जहां लाअिट अिरीगेशन होता है वहां लोकल अेरियाके लिये ५० परसेंट रखनेका रेकमेंडेशन किया गया है।

अिन तमाम रेकमेंडेशन्स के बाद और यह कानून के अमल करने के बाद काफी जमीन मिलेगी लेकिन वह यदि बंजर ही हो तो अुससे कोअी फायदा नहीं होगा। अिसलिये यह जो रेकमेंडेशन्स हैं अुन्हें जल्द से जल्द अमल में लाने की जरूरत है। अितना कहते हुअे में अपना भाषण समाप्त करता हूं।

مسٹر اسپیکر :— میں یہ مناسب سمجھتا ہوں کہ ڈسکشن کے لئے ٹائم لمٹ(Time limit)رکھنی چاہئے - ہر ممبر کو ۱۰ منٹ دئے جائینگے - ایسی صورت میں ہی زیادہ آنریبل ممبرس کو تقریر کا موقع مل سکیگا - اورکل بھی اس پر بحث ہوگی - غیر معمولی صورتوں میں ۲۰ منٹ کا وقت دیا جائیگا - اس سے زیادہ وقت نہیں دیا جاسکیگا -

श्री. व्ही. डी. देशपांडे (अिप्पागुडा) :—मेरे ख्याल से अिसके लिये दो दिन रखे गये हैं और यह अेक अहम मसला है। अिसके लिये यदि कुछ टाअिम ज्यादा दें तो मुनासिब होगा; क्योंकि शुरू में ही कुछ टाअिम ज्यादा लगता है, बाद में कोअी नअी बात हो तो कही जा सकती है।

مسٹر اسپیکر :— اسی وجہ سے تو میں نے کہا ہے کہ زیادہ سے زیادہ ۲۰ منٹ لے سکتے ہیں -

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :—अध्यक्ष महोदय, आज हमारे हाअुस के सामने अेक मोशन आया है जोकि लॅन्ड कमिशन के रिपोर्ट के बारे में है। अिस सिलसिले में जो तकरीरें हुवीं

अुनमें मैंने काफी कॉंट्रडिक्शन (Contradiction) पाया। जब मैं यह भाषण सुन रहा था तब मुझे हंसी अिस लिये आ रही थी कि किस तरह अेक दूसरे को कॉंट्रडिक्ट किया गया है। अेक बार अेक बात कही गअी, अुसे बाद में कॉंट्राडिक्ट किया गया। अेक बार कहा गया कि लॅन्ड कमिशन जो कायम हुआ है वह सेक्शन ४ के तहत कायम हुआ है और दूसरे बार कहा गया कि असेसमेंट बेसिस ही अच्छा है, अैसा समझता हूं। फिर कहा गया कि हमने जो सेक्शन ४ को ड्राफ्ट किया है वही गलत है, अिस तरह से काफी कॉंट्रडिक्शन पाया गया, और यह देखकर मुझे बडा ताज्जुब हुआ। लॅन्ड कमिशन के कहने के मुताबिक तो हमने जो भी बातें कही हैं वह सब गलत हैं। असेसमेंट बेसिस, सॉअिल बेसिस, वेट लॅन्ड, ड्राय लॅन्ड, पांच आदमियों का फॅमिली युनिट(Family unit)जो भी हमने सेक्शन चार में बताया है वह सब लॅन्ड कमिशन के दृष्टि से गलत है तो फिर सही क्या है? क्या १६०० रुपये की आमदनी जो बेसस बताया गया अुतना सही है और बाकी सब गलत है?

[*Mr. Deputy Speaker in the Chair*]

लॅन्ड कमिशन ने अिसके लिये बहुत मेहनत की और अपना काफी समय भी खर्च किया। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि कुरुक्षेत्र के युद्ध के वक्त जिस तरह अर्जुन ने द्रोणाचार्य को सिर्फ नमस्कार किया था वैसा ही यह हुवा है। मैं साफ बताना चाहता हूं कि लॅन्ड कमिशन ने जो अितनी मेहनत की लेकिन आखीर पहाड खोद के अुन्होंने अेक चूहाहि निकाला। लॅन्ड कमिशन ने जो काम आज हमारे सामने रखा है, वह तो हमारे सेटल्मेंट डिपार्टमेंट के लोग भी ऑफिस में बैठकर यह काम कर सकते थे। अिसके लिये अितनी धूप और पानी में फिरने की क्या जरूरत थी? जिस तरह आपने अेरिया तय करके हमें बताया, अुस तरह यदि करना तो कोअी मुश्किल बात नहीं थी, और अितने काम के लिये कोअी लॅन्ड कमिशन मुकरर करने की भी जरूरत नहीं थी। अुनको भी यदि बेसिस बताया जाता तो वे भी अिसको कर सकते थे। हम तो पहले से ही बता रहे थे कि लॅन्ड रेविन्यु बेसिस ही रखना चाहिये। असेसमेंट बेसीस के लिये जब हम कह रहे थे तो अुसे नहीं माना गया और यह कहा गया कि अिसमें ज्यादा कॉम्प्लिकेशन होने के अिमकानांत हैं, अिस लिये अिसे नहीं माना जा सकता। और फिर आज अितना रूपया खर्च करने के बाद और अेक लॅन्ड कमिशन के रेकमेंडशन पर आखीर में अुसे मान लिया गया। आखीर में घूम फिर कर आप वहीं आये। आखिर पृथ्वी तो गोल ही है ना। लेकिन पहले ही अिसे मना जाता तो क्या होता? आज अिसे माना जा रहा है। अितना सब कर के आखिर में पहाड खोद कर चूहा ही निकला। मैं हुकूमत को बताना चाहता हूं कि अितना रुपया खर्च कर के और अेक लॅन्डकमिशन नियुक्त कर के आपने कुछ भी हासिल नही किया और यह मैं सिद्ध करने के लिये भी तैयार हूं।

लॅन्ड कमिशन की जो रिपोर्ट है अुसके पेज २१ पर अुन्होंने कहा है कि पांच लोगों की कुनबे की तरफ हम ज्यादा ध्यान नहीं देंगे लेकिन १६०० रुपये की आमदनी की जो शर्त है अुसी को हम ज्यादा महत्व देते हैं। प्लो युनिट (Plough unit) और वर्क युनिट (Work unit) का कोअी लिहाज नहीं किया गया है और यह कहा गया है कि यह ज्यादा कॉम्प्लिकेटेड है, अिस लिये अिसे नहीं माना जा सकता है। हम सिर्फ १६०० रुपये की आम-

दनी का ही ख्याल करेंगे अेकरेज का नायुन करते वक्त १६०० की आमदनी का ही लिहाज किया जायेगा। प्लोयुनिट के बारे में अुन्होंने कहा है कि फॅमिली होल्डिंग के लिये यह लिमिट्स (Limits) नहीं लगाये जा सकते हैं। प्लोयुनिट में सुपरवाअिजरी लॅन्ड लार्ड (Supervisory Landlord) आ जाता है, क्योंकि अेक प्लो युनिट में अेकही फॅमिली आयेगा, अैसी बात नहीं है।

"The first condition therefore does not contain definition about the size of the holdings except perhaps for the implied sense regarding the maximum area which a family would be able to cultivate or supervise".

अिस लिये अुन्होंने सुपरवाअिजरी लॅन्ड होल्डर का बहाना लेकर १६०० रुपये की आमदनी का बेसिस ही अच्छा है, अैसा कहा है।

"It is that piece of land which fetches a gross income annually of Rs. 1600."

अुन्होंने आखिर में यह बताने की कोशिश की है कि हमने जो यह सेक्शन ४ बताया है वह बिलकुल बेकार है और अिम्प्रॅक्टिकेबल (Impracticable) है। अुसमें भी काफी डिफेक्ट्स (Defects) हैं, अैसा अुनका कहना है।

सॉअिल के बारे में अुन्होंने कहा है कि ब्लॅक कॉटन सॉअिल, चेल्का सॉअिल, रेड लॅन्ड, वेट लॅन्ड (Black Cotton soil, Chalka soil, Red land, Wet land) अिस तरह हमने जो कानून के सेक्शन ४ में क्लासिफिकेशन (Classification) कर के दिखाया है, अुन्होंने अॅग्रिकल्चर डिपार्टमेंट का हवाला देकर अिसे बेकार साबित करने की कोशिश की है। मिडिल क्लॉस सॉअिल, खराब सॉअिल पहाड के पास की जमीन, व्हॅली के पास आनेवाली जमीन, अिसमें कुछ चेलका पाअी जाती है, कहीं वेट पाअी जाती हैं, लेकिन अिन सबका अेवरेज लेने के बारे में अुन्होंने शिफारिस की है। यह अेकरेज की बात देखकर मुझे नदी की गहराअी के अेवरेज की बात याद आगअी कि अेक जगह नदी ४ फूट गहरी और दूसरी जगह ८ फूट गहरी है और तीसरी जगह २ फूट गहरी है तो अिनका अेवरेज निकाल कर बताया गया कि नदी साढेचार फूट से ज्यादा गहरी नहीं हैऔर अुसमें कोअी अिसतरह सें आरग्यूमेंट (Argument) करके अिसे नजर अंदाज कैसे किया जा सकता है ? ब्लॅक कॉटन सॉअिल, चेल्का सॉअिल, अिनका धारा अेकसा कैसे हो सकता है, और अुनकी पैदावार भी अेकसान कैसें हो सकती है? अेकही जमीन में अेक जगह का सर्वे नंबर का असेसमेंट डेढ रुपया होगा दूसरी जगह का १ रुपया होगा और तीसरी जगह का ४ आने होगा, यह सबका अेवरेज लाकर कैसे चल सकता है? चार आने की यदी आप २४ अेकड जमीन छोडेंगे तो क्या डेढ रुपये की भी २४ ही अेकड जमीन छोडेंगे ? यह अेवरेज का बेसीस सही नहीं है।

अेवरेज निकालना है तो पूरे मुल्क की हालत देखनी चाहिये। किंग कोठीके आसपास का अेवरेज निकालें तो वहां की आमदनी का अेवरेज काफी आयेगा लेकिन और किसी जगह का निका-

लेंगे तो वह बहुत कम हो जायगा क्योंकि वहां भिखारी भी बैठे हुवे हैं। जमीन जमीन में जो फर्क होता है अुसको हमें सामने रखना पडेगा। अुसके बगैर यह मसला हल नहीं हो सकता।

दूसरी बात आनेवारी के सिलसिले में है। अिसमें अिस सिलसिले में जो रेकमेंडेशन किया गया है अुसका हम लिहाज नहीं कर सकते क्योंकि कानून के लिहाज से लैंड कमीशन अिस तरह का फैसला नहीं दे सकती। कानून में साफ साफ कहा गया है कि ब्लॅक काटन, रेड, चलका वेट लैंड अित्यादि के लिये आठ आने के अूपर या नीचे की जमीन का अेक अलग अेकरेज तैयार करना पडेगा। अिस दृष्टि से अिस रिपोर्ट में लैंड कमीशन ने कानून को कान्ट्राव्हीन किया है। जो प्रोवीजन कानून में दिया है अुसको गवारा नहीं किया जा सकता। प्रोवीजो में कहा गया है कि किसी अेरिया में जियादा आमदनी नहीं आती तो वहां अेकरेज बढाया जा सकता है। लेकिन यह नहीं दिया गया है कि आठ आने के अूपर या नीचे के लिये कितना कम या ज्यादा करना चाहिये। अिसलिये जब तक अिस सेक्शन को अमेंड नहीं किया जाता तब तक लैंड कमीशन ने जो सिफारिशात दी हैं वह कानूनी तौर पर सही साबित नहीं हो सकतीं।

तरह तरह की साअिल्स को यहां लिमिट किया गया है। वेट लैंड के लिये अुनका कहना है कि आठ आने के नीचे की जमीन न रहे। कानून में कहा गया है कि आठ आने के अूपर की जमीन छः अेकड रहेगी और नीचे भी छः अेकड रहेगी। दूसरी जगहों पर आपने ७ अेकड और ८ अेकड तक गुंजाअिश रखी है लेकिन सेक्शन ४ के तहत अिसको कैसे बढाया जा सकता है? सेक्शन ६ के तहत डबल क्राप के लिये ४ अेकड रखेंगे और सिंगल क्राप के लिये ६ अेकड। लेकिन अिसके आगे बढने के लिये सेक्शन ६ के तहत गुंजाअिश नहीं थी। लेकिन हुकूमत ने कहीं ६ अेकड से सात अेकड अिस तरह से लिमिट बढाअी है, वह अलग बात है। ड्राय लैंड के बारे में अिसी तरह से कम से कम तीन किस्मे बनाना जरूरी था। आपने हर तालुके के लिये अेवरेज कायम किया। लेकिन मैंने जितूर तालुके की मिसाल देकर बताया कि जहां ४ आने अेकड के हिसाब से असेसमेंट है वहां २४ अेकड रखा और जहां डेढ रुपया है वहां के लिये भी २४ अेकड रखा तो क्या अिससे नाअिन्साफी नहीं होगी? अिस लिहाज से आनेवारी को जो नजरअंदाज किया गया है वह नामुनासिब है। मैं मानता हूं कि १४,१२,९,८,७,५,४,३, और २ आने अिस तरह के असेसमेंट के लिये मुख्तलिफ किस्में शायद हम नहीं बना सकते। लेकिन कम से कम तीन किस्में अेवरेज के हिसाब के लिये बनाये जा सकती हैं। मुल्क के वेस्टर्न हिस्सों में जो अेवरेज पाया गया है वहां ११ आने प्रतवारी है और वहां २४ और ३६ अेकड तय किया गया है। अुसके अूपर की आनेवारी के लिये अितना अिजाफा होगा और नीचे के लिये अितना होगा अिस तरह से हम रख सकते थे। अिसलिये असेसमेंट बेसिस को मैं अेक बेहतरीन बेसिस समझता हूं। डेढ रुपये जिसका असेसमेंट है अुसके लिये अगर २४ अेकड रखा जाय तो अुसके अूपरवाली जमीन के लिये जो लिमिट होगी वह कम की जा सकती है। और कम होती है तो अुसके लिहाज से जमीन की लिमिट बढाअी जा सकती है। अिस तरह से अेक लॅडर कायम करना चाहिये। लेकिन अगर अेक लोकल अेरिया के अंदर मुख्तलिफ अक्साम की जमीनात हों तो अुन सब को अेक ही लाठी से चलाने की आपने कोशिश की है। अिससे फायदा नहीं होगा। मेरा

सुझाव है कि अेकरेज-कम-आनेवारी रखें। आनेवरी भी मेरी नजर से जरा काम्प्लीकेटेड है, अिसलिये मैंने पहले कहा कि असेसमेंट बेसिस रखा जाय। कानून बनते वक्त हम लोगों ने अिस बात पर बहुत जोर दिया और रूलिंग पार्टी को अितमीनान दिलाने की कोशिश की। लेकिन अुस वक्त हम पर अिल्ज़ाम लगाया गया कि आप अिक्विटी नहीं करना चाहते, अलग अलग ज़मीन पर अलग अलग असेसमेंट होता है, अिसलिये क्लासीफिकेशन को ही बेसिस करार देना अच्छा है। अुस वक्त आनेवारी पर जोर दिया गया और आज अुसी को बिल्कुल नजरअंदाज किया जा रहा है। अिसके माने क्या हैं? अेक वकील की तरह जब कोअी दलील आपके लिये फ़ायदेमंद होती है तो आप अुस पर जोर देते हैं और जब वही आपके खिलाफ जाती है तो कहते हैं कि अुसमें कोअी कूवत नहीं है। अब कहा जाता है कि सिम्प्लीसिटी के लिये यह किया जा रहा है। अुस वक्त जो प्रतवारी का दावा आप कर रहे थे वह अब कहां गया? मुझे महाभारत के कर्ण को जो जवाब दिया गया था अुसकी याद आ रही है। कर्ण से कहा गया कि अुस वक्त तुम्हारा धर्म कहां गया जब कि अब संकट आने पर धर्म की बातें कर रहे हो? अुसी तरह से मैं पूछना चाहता हूं कि कानून बनाते वक्त आपका धर्म कहां गया था? अुस वक्त सिम्प्लीसिटी का आपका खियाल कहां गया था? क्या अिसका मतलब हम यह समझें कि अुस वक्त आपको यह खियाल अिसलिये नहीं था चूंकि लैंडकमीशन मुकरर कर के कुछ लोगों को चंद लाख रुपये देना था या चंद डेप्युटी मिनिस्टर्स को बढाना था? आज जब देखते हैं कि रेवीन्यू बेसिस के सिवा कोअी चारा नहीं है तो सिम्प्लीसिटी की दलील को हमारे मत्थे थोपने की कोशिश की जा रही है। अिस वक्त मैं समझता हूं कि अेरिया असेससमेंट-कम-आनेवारी अिसीको सब से अच्छा बेसिस समझते हैं। जैसे अेक आनरेबल मेंबर ने कहा कि ज़मीन का रंग, क्लायमेट, ज़मीन की गहराअी, बारिश वगैरा सब चीजों का ख्याल रखकर यह फैमली होल्डिंग और लोकल अेरियाज तय किये गये हैं। लेंड कमीशन की रिपोर्ट पढने से मालूम होता है कि वह सारी दुनिया घूमकर चूंकि वह गोल है अिसलिये फिर से अुसी नतीजे पर आ पहुंचे जिस पर हम लोग सिलेक्ट कमेटी में पहुंचे थे। लेकिन अुस वक्त हम कह रहे थे तो अुसको नहीं माना गया—पेज ६५, प्यारा १४७———

"We have actually reversed the process followed for determination of settlement rates and used the incidence of land revenue to find out the average type of soil for each taluka. The process is approximately correct and the results have been used only for the sake of comparison. Maximum rates are sanctioned for a standard soil (16 annas classification) in each group. The average assessment per acre for the group would, therefore, indicate the average soil value for that area. Such averages have been worked out wherever it was possible to do. Results are shown in Appendix 6."

आखिर आनेवारी के बेसिस पर मुख्तलिफ अेरियाज में या तालुके में मैक्जीमम और मिनिमम देखकर फायदा अुठाने की कोशिश की। अिसके साफ साफ माने यह हैं कि आनेवारी को ही बेसिस लेकर आप चल रहे थे। अिसमें कहा गया है कि मुख्तलिफ मुकामात पर मुख्तलिफ असेसमेंट होता है।

अगर अैसा है तो जहां अेक से हालात हैं अुनको लेकर चार या पांच ग्रुप बनाये जा सकते हैं। आज आपने अिस स्टेट के ८ हिस्से किये हैं। अुसका असेसमेंट क्या है अुसको देखकर लोकल अेरियाज कायम की और अेक कटिंग अेक्सपेरीमेंट (Cutting experiment) के तौर पर वहां का अेवरेज यील्ड (Average yield) निकाला। तालुके के अंदर काटन, जवार, ग्राअुंडनट, राअिस आदि का परसेंटेज कितना है अुसको वर्कआैट कर के अेवरेज आमदनी क्या होती है अुसके लिहाज से १६ सौ के लिये कितना होता है अुसको तय किया। और अिसलिये आपने हजारों मील का दौरा किया और अेवीडन्सेस लिये और पैसा खर्च किया। अिसके लिये जब हम यहां बैठकर यील्ड का मवाद दे रहे थे तो अुसको लेने के लिये आप तैयार नहीं थे। ऑनरेबल मेंबर, लैंड कमीशन, मुझे माफ करें क्योंकि वह बहुत घूर कर देख रहे हैं। पेज ६८

"Results of crop experiments were made available to us. For the last 2-3 years, they have been obtained on random sampling method. Our intention was to verify or supplement this information through our enquiries. We had to adopt the only possible method of interrogation in spite of its obvious limitations."

सिलेक्ट कमेटी में पांच पचास लोगों को बुलाकर अुनसे पूछताछ की गअी थी और अुनका भी कहना था कि लैंड रेवीन्यू को बेसिस करार दिया जाय। लेकिन लैंड कमीशन ने अब दूसरे तरीके से तय कर लिया है कि अितने अेकड में १६ सौ रुपये की आमदनी हो जाती है। मैं समझता हूं अिसमें अेक बहुत बडी खामी है। आपने तालुके का अेवरेज लिया है। लैंड कमीशन के सामने हमने अेवीडन्सेस दिये थे। अुसमें यही मांग की थी कि आप बहुत बडे फार्म को मत लिजिये और बहुत छोटे फार्म को भी मत लिजिये, क्योंकि बहुत बडे और बहुत छोटे फार्म के प्रतिशत अुत्पादन में बहुत फर्क होगा। यह भी हमारा कहना नहीं कि साढे चार फॅमिली होल्डिग को ही आप लिजिये। जहां अेक या दो फॅमिली होल्डिंगवाले किसान अपनी जिंदगी अच्छी तरह से गुजार सकते हैं अुसको भी आप ले सकते हैं। लेकिन पूरे तालुके का अेवरेज लेकर अुसमें पांच परसेंट का अिजाफा किया गया। और यह कह कर किया गया कि ग्रेजिंग के लिये और झाडों के लिये जगह छोडनी पडती है। लैंड कमीशन के मेंबरों ने कौनसे खेत में बैठकर किस झाड के फल खाकर यह पांच परसेंट को छोडा, यह मुझे मालूम नहीं। लेकिन जब हाअुस में पचास परसेंट अेक्सपेंडीचर आफ कल्टीवेशन हो, अैसा कहा गया था अुस वक्त यह कहा गया कि ग्रेजिंग के लिये जमीन छोडनी पडती है, तीन चार साल में अेकाध साल खराब फसल रहती है अुसका लिहाज करके ५० फीसद छोडने का तय किया गया। मुझे अुस किस्से का याद आ रहा है जब कि अेक बच्चा घी लेने के लिये दुकान पर गया तो अेक पैसे के घी के लिये दुकानदार ने 'घीनो पैसा और पैसा नो घी' अैसा कहकर अुससे दो पैसे वसूल किये। और आखिर तक बच्चा यह न समझ सका कि अेक पैसे के घी के लिये अुसने दो पैसे क्यों लिये! अुसी तरह से आज फॅमिली होल्डिग तय करते वक्त पांच परसेंट ग्रेजिंग के लिये छोडना चाहिये, अिसकी अहमियत सामने रखी जा रही है। लेकिन क्या अिस तरह से यह छोडने की सचमुच जरूरत थी? कहा जा सकता है कि वह मैक्जीमम के लिये जरूरी है। लेकिन हमारा कहना है कि १६ सौ बहुत जियादा होते हैं। अगर आप हमारे कहने के मुताबिक मैक्जीमम करार देते तो वह ज्यादा से ज्यादा साढेबारा सौ

तक जाता। अुसको आपने कन्सिडर नही किया। अिसलिये ५० परसेंट छोडने के बाद ग्रास अिनकम १६ सौ हो गया। अिसलिये यह जो रखा गया है वह मुनासिब नहीं है।

फॅमिली होल्डिंग फिक्स करते वक्त रेवीन्यु सर्कल को स्प्लिट अप करने की जरूरत पडी तो अुसके लिये लॅटीटचूड दी गअी है। अगर कोअी अिसको रिपोर्ट आफ लैटीटचूड कहें तो गलत न होगा। हर जगह लैटीटचूडज दिये गये हैं और अिसकी बिना पर पूरी रिपोर्ट ड्राफ्ट किया गया है। अेक रेवीन्यू सर्कल में अगर जमीन के दो हिस्से होते हैं तो वहां अेक ही फॅमिली होल्डिंग फिक्स किया गया है चूंकी वहां रेवीन्यू सर्कल को स्प्लिट अप करना पडेगा। यह लैटीटचूड क्यों दिया गया यह मेरे समझ में नहीं आया। लेकिन अिसकी वजह से वहां नुकसान होता है और फॅमिली होल्डिंग बढ जाता है। अिसलिये मेरा कहना है कि यहां जो रेवीन्यू सर्कल्स को स्प्लिटप करने की जरूरत महसूस की जा रही है वह न करने की वजह से नाअिन्साफी हो रही है। मुझे यह रिपोर्ट आफ आर्बिट्रेशन' मालूम होता है। लॅंड कमीशन के मेंबर ने कहा कि जो लिमिट मुख्तलिफ साअिल्स के लिये रखी गयी है वह आर्बिट्ररी है। जैसे आठ आने की जमीन के मुकाबले में अुसके नीचे की जमीन हो तो वह टू थर्ड रखी गअी है। अुन्होंने कहा कि बेस्ट साअिल के लिये २१ अेकड और वर्स्ट साअिल के लिये ६० अेकड रखी गयी है। लेकिन अिसके लिये बेसिस क्या है? अुन्होंने यह सब आर्बिट्ररीली किया है अिसलिये हमको भी आर्बिट्ररीली अिसके बेसिस को ढूंढना पडरहा है। यहां चूंकि आठ मिनिस्टर्स हैं अिसलिये अिसके आठ हिस्से बनाये गये हैं। अिसके सिवा और कोअी बेसिस हो तो हमें बताया जाय। अुन्होंने कहा कि पहले हिस्से में तीन का फर्क होना चाहिअे। यह तीन का ही फर्क क्यों होना चाहिये? अेक चीफ मिनिस्टर है और दूसरा अुनके नजदीक जाना चाहता है अिसलिये अिसमें अितना कम फर्क रखा गया है और दूसरों के लिये ६-६ का फर्क रखा गया है। ये आठ ही हिस्से क्यों बनाये गये हैं? १६ जिले हैं? तो १६ हिस्से क्यों नहीं बनाये गये?

अिसके बाद शुगरकेन के सिलसिले में यहां पर खास रिआयत रखी गअी है। यह कहा जायगा कि अिसके लिये ज्यादा खर्चा आता है अिसलिये रिआयत दी गअी। लेकिन अिससे मैं कन्विन्स नहीं होता। अिसीके लिये ज्यादा रिआयत क्यों दी जा सकती है? रिपोर्ट में कहा गया है कि अेक अेकड के अंदर १६ सौ का ग्रास अिनकम भी हो सकता है। मैंने वर्क औट किया तो वह ४.७ तक आता है। अिसके लिये चार अेकड लेना और दूसरे क्राप निकालनेवालों के लिये भी चार अेकड ही छोडना कहां तक मुनासिब है? लोग कहते हैं कि बडे बडे सरमायेदारों के आप हामी हैं, अिसलिये शुगरकेन के बारे में आपके दिल में साफ्ट कार्नर है। मेरा ख्याल है कि शुगरकेन के लिये बहूत ज्यादा अेरिया छूटनेवाली है। अिस रिपोर्ट के सिलसिले में मुझे आखिर में अितना ही कहना है कि जो सेक्शन है अुससे यह मुताबिकत नहीं रखता। कानून के सेक्शन्स को नजरअंदाज करके असेसमेंट को दूर रखते हुअे लेकिन छिपे तौर पर अुससे मोहब्बत करते हुअे यह लिमिटेशन कायम किया गया है और अेवरेज निकाला गया है। अिसकी सिम्प्लीसिटी के लिहाज से अिसकी ताअीद करन में मुझे अुजर नहीं है; लेकिन अक शर्त पर ही ताअीद मैं कर सकता हूं और यह है कि अिससे अितनी डिसपेरिटी पैदा न हो जिससे जेसे मैंने अेक तालुके की मिसाल आपके सामन रखते हुअे बताया कि आनवारी के लिहाज से फमिली होल्डिंग और अेरिया का ताअुन न हो बल्कि असेसमेंट के बेसिस पर हो। कन्नड के आनरेबल मेंबर ने कहा कि अिसकी वजह से वकीलों को पैसा देना पडेगा। हर

देहात के अंदर हर काश्तकार को, अपना अपना सर्वे नंबर और अुसका तहसील और वह क्या देता है वह मालूम रहता है। मतलब यह है कि सर्वेनंबर और तहसील से अेवरेज हम तय कर सकते हैं। अगर अेक रुपया अेकड की जमीन है और वह बीस रुपये तहसील को देता है तो बीस अेकड जमीन है। चार आने की जमीन है और पांच रुपये तहसील को देता है तो बीस अेकड जमीन है अिस तरह से हिसाब निकाला जा सकता है। अिससे आप अिक्वीटबल तरीके से तय कर सकते हैं।

अेक और चीज कहना चाहता हूं, वह है वेट लैंड के बारे में। जेरे बावली की जमीन किसान की मेहनत से होती है अिसलिये अुस को भी ड्राय लेंड करार दिया जाना चाहिये ; अैसा कहा जा रहा है। लेकिन वह सही मालूम नहीं होगा। तेलंगाने के अंदर जेरेबावाली काफी जमीन है। क्या अुसके लिये मेहनत नहीं करनी पडती ? मेरा ख्याल है कि जेरे बावली की जमीन वेट लैंड के तौर पर तसव्वूर की जानी चाहिये, कम से कम ड्राय के तहत तो तसव्वूर नहीं की जा सकती। मैं कहूंगा कि जेरेबावली की जमीनात को लाअिट अिरीगेशन के बेसिस पर रखा जाय और ड्राय के लिये जितनी जमीन रखते हैं अुसके निस्फ अिसके लिये रखें। हमने तय किया है कि ड्राय लैंड के मुकाबले में वेट लैंड आधी रखी जाय।

अिसके बाद प्राअिसेस के बारे में कहा गया है। वह आधा गुना बढ गअी है, अैसा मेरा ख्याल है। अुन्होंने कहा कि पैडी की प्राअिसेस २५ परसेंट बढी हुअी हैं और कैश प्राअिसेस कम नहीं हुअी हैं। अिस लिहाज से अगर जमीन बढाअी गअी है तो वह मुनासिब नहीं है। आम तौर पर यह कहां होता है ? कुछ मुख्तलिफ मुकामात पर जहां फैमिली होल्डिंग कायम किया गया है वहां सेक्शन ४ के तहत जो सोचा गया था अुसके लिहाज से डेढ गुना होता है और अुसके लिहाज से सीलिंग भी बढनेवाला है। लैंड कमीशन की रिपोर्ट में किसी पेज पर बहस करते हुअे अुन्होंने कहा कि २४ के बदले ३० सीलिंग बनाया जाता है तो वह लैंड ओनर और टेनन्ट दोनों के लिये या तो फायदेमंद होती है या नुकसानदेह होती है। लेकिन अुन्होंने माना है कि सीलिंग के लिहाज से सीलिंग बढता है। मैं समझता हूं कि जो फैमिली होल्डिंग मुख्तलिफ अेरियाज के लिये रखा गया है वह ज्यादा है। अिसकी वजह से जो सरप्लस लैंड मिलने की आशा थी और अेसा जो वाइदा किया जा रहा था वह अब मिलने के अिमकानात नहीं हैं और दीगर तरीकों से भी अिसका असर बहुत बुरा होगा। और अिसके लये अेरिया असेसमेंट का रैंडर न लगाया जायेगा तो नुकसान होगा। अिन चंद चीजों को मैं हाअुस के सामने रखता हूं और अुमीद करता हूं कि हुकूमत अुस पर गौर करेगी।

**Shri Phoolchand Gandhi* (Omerga): I think I have to speak in English this time. The report of the Land Commission and the report of the Select Committee are all in English. If you please excuse me, I will proceed further.

Several hon. Members: "Please speak in Hindi".

Shri Phoolchand Gandhi: Well, I do not mind.

स्पीकर सर, लैंड कमीशन की जो रिपोर्ट है अुसके बारे में अेक लब्ज भी अिधर अुधर न जाते हुअे सिर्फ अुन्होंने जो सफा दर सफा कहा है अुसको सामने रखते हुअे अुस पर मैं अपने कॅमेंटस

पेश करूंगा। पहला चॅप्टर अिंट्रडक्शन का है। असके सफा दो पर पहले ही अुन्होंने जो कुछ जिक्र किया है वह गवर्नमेंट के सर्क्युलर के बारे में है। लैंड कमीशन के मेंबरान्स को यह अेहसास हुआ कि यह सर्क्यूलर कानून के मुगायिर है, अैसा मालूम होता है। सफे २ के पैरा ६ में वे लिखते हैं :–

"We are informed that the operation of many important porvisions of the Hyderabad Tenancy and Agricultural Lands Act (as amended in 1954) which have a reference to family or basic holdings was automatically suspended till the determination of local areas and family holdings under sections 3 and 4 of the Act."

हुकूमत ने जो सर्क्यूलर दरमियान में जारी किया वह अुनको पसंद नहीं है। लैंड कमीशन के मेंबर जो अेक वक्त यह राय रखते थे कि अिर्रेग्युलर असेसमेंट होने की वजह से असको फैमिली होल्डिंग तय करने के लिये बेसिस करार नहीं दिया जाना चाहिये, वह अुन्होंने लैंड कमीशन के मेंबर होने के नाते असके खिलाफ रिपोर्ट करने की कोशिश की है और यह बात अिस सफे में है। अुनकी राय देखने से मालूम होता है की अुनको यह सर्क्यूलर पसंद नहीं था।

"We do not at this stage intend to indulge in any discussion of the legal issues involved in or implications of such a suspension of some provisions of the Act........"

यह कानून सही है या नहीं अिसके बारे में भी अुनको शुबहा मालूम होता है। अितना ही शुबहा जाहिर करने के लिय अिस सतर को डाल दिया है कि मुमकिन है कि अिस गरज के लिये यह सर्क्यूलर जारी किया गया। अब सर्क्यूलर को बंद किया गया है चूंकि फैमिली होल्डिंग तय किया

"..........to get first-hand local knowledge of the relevant factors *viz.*, soils, climate, rainfall, methods of cultivation, crop patterns, yields, etc."

गया है। चैप्टर सात में अुन्होंने, दौरा किसलिये किया गया वह तफसील से बतलाया है। ये बहुत सी चीजें अिसमें से बगैर दौरे के मिल सकती थीं और बहुत सी चीजें दौरा करने के बाद भी नहीं मिली हैं।

अिसके बाद अब दूसरे चैप्टर पर आता हूं। सफे १४ पर प्यारा ३८ है, लैंड कमिशन ने बिलकुल अिफ्तदा में ही अिस तरह से शुरू किया है मानों पहले से ही दिक्कतों का रोना शूरू किया है। जिस तरह से कोअी रिवर के बारे में कहा जाता है कोसी नदी जब कभी बाढ लाती है तो सब को रूलाती है। अुसी तरह अिस कमिशन ने भी शूरू में ही दिक्कतों का रोना रोया है।

पहले अुन्होंने चॅप्टर ३८ रखा है वह अिस तरह से है।

"The following extract from the latest United Nations publication on land reforms will show that all Asian countries have experienced similar difficulties in enforcing tenancy legislation and in controlling tenancy conditions."

अिसमें अुन्होंने यह बताने की कोशिश की है कि सभी अेशियाअी देशों की टेनन्सी लेजेस्लेशन के बारे में

काफी डिफिकल्टीज आअी हैं अिसके बाद आगे अुन्होंने यह लिखा है की—

"As a result of the scarcity of farm land, its right of use is highly valued in terms of money and labour............... In these conditions, even the most comprehensive legislation to control conditions of tenancy may be ineffective......"

अुनका कहना यह है कि टेनन्सी के मसले पर अिस तरह का यदि कोअी कॉम्प्रीहेन्सिव्ह लेजिस्लेशन बनाया गया तो वह अिनअफेक्टिव्ह होगा। और अुन्होंने यह भी कहा है कि हमने जो रिपोर्ट दिया है वह भी बराबर नहीं होगा। अुन्होंने पहले ही मान लिया है कि हमारा रिपोर्ट भी बराबर होगा अैसी बात नहीं है।

अिसके बाद अिस रिपोर्ट के पेज १५पर प्यारा ३९ और ४० है अुसमें लेंड सेन्सेस का हवाला दिया गया है। और अुसमें लेंड सेन्सेस के अेप्लिकेशन को नजरअंदाज किया गया है लेकिन लेंड सेन्सस के बारें में अिस कानून के दफा ५३ के अलफाज मौजूद हैं अिसी में फेमिली होल्डिंग और लोकल अेरियाके बारे में भी कहा गया है। और जबतक लेंड सेन्सेस पूरा नहीं होता तबतक फेमिली होल्डिंग और अेरिया तय नहीं हो सकता है।

सेक्शन ५३ अे अिस तरह से है—

"53—A. For the purposes of this Act generally and in particular for the administration of this chapter".

सारे कानून में यह अेक अहम दफा है और यह साफ तौर पर कहा गया है कि अिस चॅप्टर के अॅडमिनिस्ट्रेशन की बहुत जरूरत है —अिसी से हमें सरप्लस जमीन मिलने की अुमीद है।—आगे अिसी में कहा गया है कि——

"The Government may take a census of land holdings and details of cultivation in the prescribed manner".

अिसी ५३ दफा के तहत स्टेट भर में १ साल से लॅन्ड सेन्सस काम शूरू हुआ है। लेकिन अभी तक सिर्फ अेक बटे तीन ही काम हो पाया है। मेरी समझ में नहीं आता कि जबतक लॅन्ड सेन्सेस का काम पूरा नहीं होता तबतक कमिशन की रिपोर्ट बराबर कैसे हो सकती है? लॅन्ड सेन्सेस का काम पूरा होने के लिये तो अभी कम से कम दो साल लगेंगे। लॅन्ड सेन्सस का काम जबतक पूरा नहीं होता है तबतक हम फॅमिली होल्डिंग तय नहीं कर सकते और जबतक फॅमिली होल्डिंग तय नहीं होता तबतक हमें सरप्लस लॅन्ड कहां से मिलेगी ? जब तक लॅन्ड सेन्सस नहीं होता और फॅमिली होल्डिंग तय नहीं होता तबतक हमें सरप्लस जमीन कैसे मिल सकेगी ?

तो अिस तरह से अितनी अुजलत से ४-६ महीनों में रिपोर्ट पेश कर के लॅन्ड कमिशन क्या हासिल करनेवाली है, मेरी समझ में नहीं आता है। और अिस तरह का रिपोर्ट क्या काम आनेवाला है ?

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :—बेदखलियां करने के काम आनेवाला है।

श्री. फूलचंद गांधी :—खैर अिस चॅप्टरके बाद पेज २१ पर प्यारा ५१ है। प्यारा ५१ जो है वह तो पूरा ही पढ़ने के काबिल है। मेरी समझ में नहीं आता है कि जबकि लॅन्ड कमिशन का अस्तित्व ही अिस कानून के दफा ८४ के तहत है, यह कानून ही अिस असेंब्ली में काफी डिसकशन

होने के बाद पास हुवा है और अिसके बाद अुस कानून के तहत लॅन्ड कमिशन मुकरर होता है तो वह अिस कानून की खिलाफवर्जी किस तरह की जा सकती है ? अिस तरह की राय कैसे दे सकता है ? यह मेरी समझ में नहीं आता है। कानून की खिलाफवर्जी किस तरह की जाय, यह बताने के लिये कमिशन मुकरर नहीं किया गया था।

श्री. व्ही. डी. देशपांडे :—वही ज्यादा मुनसफाना समझा गया होगा।

श्री. फूलचंद गांधी :—मै नहीं समझता की अैसा समझना ठीक है। अिसके बाद प्यारा ५१ है।

"Para 51. ....The first condition, therefore, does not contain any definiteness......"

लॅंड कमिशन ने दफा ४ की खिलाफवर्जी की है। फस्ट कंडिशन जो बताअी गअी है वह अिस तरह से है।

"does not contain any definiteness about the size of the holding except perhaps for the implied sense regarding the maximum area which a family would be able to cultivate or supervise. We have, therefore, to exclude the criterion of the plough or work unit and of personal cultivation by an average family of five."

अिसमें अुन्होंने बताया है कि प्लो युनिट (Plough unit) या वर्क युनिट (Work unit)से जो और पर्सनल कलटीवेशन(Personal cultivation)के अलफाज रखे गये हैं अुसे अेक्सक्लूड करने की शिफारीस करते हैं। प्लो युनिट और वर्क युनिट को नजरअंदाज करने के लिये कहा जा रहा है। मैं कहता हूं कि आप अेक बार प्लो युनिट (Plough unit) या वर्क युनिट (Work unit) को नंजर अंदाज कर सकते हैं। लेकिन पर्सनल कलटिवेशन को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है ? दफे चार खिलाफवर्जी करने के लिये वजूहात पेश किये गये हैं। अिसका अुनको क्या अधिकार है।

अिसके बाद अब मैं सेक्शन २ प्यारा ४ में जो बताया गया है अुस पर आता हूं :

"We are also required to adpot the prices prevailing at the time of determination. In view of the fact we would therefore, be guided more by the conditions of the produce than the limits prescribed"

अेक बात प्रिसक्राअिब करने के बाद भी अुसको बदलने की कोशिश की जा रही है। अिस तरह से करने के लिये अुन्हें क्या अेखत्यार है ?

"Limits can, we believe, be altered by involving the proviso to section 4."

डूबते हुअे आदमीको तिनके का सहारा वैसे ही अिनकी गत है।

"The limits can, we believe, be altered by involving the proviso to section 4 or necessary even by an amendment of the Act".

मैं यहां यह बात रखना चाहता हूं कि हमने असेंब्ली में बैठकर यह अेक कानून बनाया । अिसमें काफी दिनों तक बहस होने के बाद हमने अेक अहम दफा चार वह पास किया । और अुसके सब सेक्शन १ और सब सेक्शन २ में प्रोविजो भी पास किया और अुसके तहत कुछ रूल्स भी प्रिसक्राअिब किये, अुसमें जो कुछ अेकसेप्शन्स (Exceptions) रखे गये थे अुन्हे ही रूल्स बनाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन यह कैसे हो सकता है ? और यह भी कहा गया कि यह दफा काबिले अमल नहीं मालूम होता, लिहाजा लैंड कमिशन (Land Commission) ने अपनी राय दी है कि अिसे अमेंड करना चाहिये । जब तक अिसमें अमेंडमेंट न किया जाय तबतक यह नाकाबिले अमल है। लेकिन अिस तरह से जो दफा हमने बनाया है अुसे अमेंड करने की शिफारिस करने का लैंड कमिशन को क्या अेखत्यार है ? हमने जो अधिकार अुहीं दिये हैं अुन्हीं के तहत अुन्हें काम करना चाहिये।

अुसके बाद पेज २३ पर प्यारा ५६ जो है वह अिस तरह से है——

"With different types of land, varying soil patterns, or climatic zones combined with sub-divisions and fragmentation of holdings a majority of holdings today presents a very complex picture. Small parcels of lands may in some exceptional cases exhibit uniformity of soil but there would be very few holdings which do not have a variety of soils. There can thus be an infinite number of combinations or permutations of varying kinds and classes of soils, and it is humanly impossible to attempt determination of family holdings for each such kind or class of soil"

मेरी समझ में नहीं आया कि यह कौनसी थीसिस है (Thesis) कि यह बात ह्युमनली अिंपॉसिबल (Humanly Impossible) है । ह्युमनली अिंपॉसिबल क्या हो सकता है ? अैसी भी कोअी बात है जो ह्युमन चाहे और न हो सके । हर देहात में जाकर भी आप देख सकते थे कि वहां पर आठ आने के अपर कौनसी जमीन है और आठ आने के नीचे की कौनसी जमीन है । अिसमें आपको तो अच्छा होता और दो तीन साल तक यह लैंड कमिशन का काम चल सकता था । और दो तीन साल मजा लूटो है ही क्या बात ? और अेक लंबी चौडी फेरिश्त बनाकर पेश की जा सकती हैं। अिससे कम से कम अिनजस्टीस होने के अिमकानात हैं अिससे फिर कोअी कनफ्युजन होने का डर नहीं है। आज तक मजा लूटी, और थोडी और मजा लूटने को मिलती अुस मे हर्जा ही क्या था? अुसमें अिनजस्टीस तो कम होता । और आप हर अेक क्लॉस की सॉअिल के लिये भी फॅमिली होल्डिंग तय कर सकते थे ।

अिसके बाद चेप्टर ५७ का प्यारा २४ अिस तरह से है——

"The confusion will be worst confounded when varying family holdings for different kinds and classes of lands and for different local areas are combined with varying operative multiples and fractions and with complex fragmented holdings. We do not, therefore, consider such a determi-

nation to be in the reach of practicability".

आपने कहा है कि अिन तमाम बातों का लिहाज करना प्रॅक्टिकेबल (Practicable) नहीं है। प्रॅक्टिकल करनेवाले तो बहुत लोग हैं आप यदि काम से घबराते हैं और कहते हैं की अिसमें प्रॅक्टिकेबलीटी नहीं है तो वह आपकी कमजोरी है। यह प्रॅक्टिकल नहीं है, यह जो आपका ख्याल है वह गलत है अगर चाहे तो आदमी कर सकता है। लेकिन कष्ट अुठाये कौन ?

अिसके बाद पेज २४ पर प्यारा ६० है। वह अिस तरह से है—अुसमें सिंप्लिसिटी (Simplicity) के बारे में कहा गया है कि जियादा से जियादा सिंप्लिसिटी होनी चाहिये। श्री. कृष्णमाचारी जो प्लॅनिंग कमिशन के मेंबर हैं अुन्होंने भी कहा था कि सिंप्लिसिटी होनी चाहिये। अिस लिये असेसमेंट पर फॅमिली होल्डिंग तय करे तो अच्छा होगा। अब आप जरा प्यारा ६० जिसका जिकर किया है अुसकी तरफ जरा मुलाहिजा फरमायें।

"Simplicity of formulas can be achieved by broad averages and by providing enough latitude for variations."

यह कहा गया कि सिंप्लिसिटी लाने के लिये ब्रॉड अेवरेजेस (Broad Averages) रखने चाहियें लेकिन मेरी समझ में नही; आया ब्रॉड अेवरेजेस का क्या मतलब है? क्या जो मनमाने निकाले जा सकते हैं वह ब्रॉड अेवरेजेस हैं? अगर ब्रॉड अेवरेजेस का यही मतलब है तो फिर अुसके लिये अिस तरह से अेक कमिशन बनाने की और घूमने फिरने की क्या जरूरत थी ? वह तो आप यहां पर ही टेबल पर बठकर भी बना सकते थे। और अेक सिंपलेस्ट फारम्युला बना सकते थे। लेकिन आपने वैसा नहीं किया।

अिसके बाद पेज ३६ और प्यारा ९३ आता है। अिसमें डिफरन्ट क्लॅसेस ऑफ सॉअिल को फॅमिली होल्डिंग के तायुन करने में लिया जाना चाहिये या नहीं, अिसके बारे में कहा गया है —

"We are therefore, of the opinion that the family holdings need not be determined separately for both the types of soils in any given area."

अुनका कहना है कि फॅमिली होल्डिंग का तायुन अेक ही जगह के अलग अलग जमीनात के लिये फॅमिली होल्डिंग का तायुन अलग अलग करना ठीक नहीं है। अिसके बाद आगे चलकर वे कहते हैं कि—

"Otherwise, we would be embarking upon an impracticable proposition of preparing village-wise lists of fields or portions of fields exclusively having Black or Red soil".

अिमप्रॅक्टिबिलीटी का भूत बहुत जोरोंसे सवार दिखता है। हर बात में अिमप्रॅक्टिबेलीटी (Impracticability) का सवाल लाया जाता है। मेरा कहना है कि अितनी जल्दबाजी करने की जरूरत ही क्या थी ? जब आपको अेक अहम काम सौंपा गया था तो अुसे अितनी अुजलत से करने की कोशिश क्यों की गअी ? चार महिने में ही यह काम होना चाहिये था, अैसी तो बात नहीं है। और भी कुछ दिन लगते या कुछ महिने भी लगते

तो क्या हर्ज था और ९ महीनें में तो बच्चे की भी तो डिलिव्हरी होती है। तो ९ महीने में जरूरही डिलिव्हरी हो जाती। जब हमें कुछ सरप्लस लॅन्ड मिलने की अुमीद है तो जरा जियादा कष्ट करते तो क्या होता था ? विलेजवाअीज लीस्ट भी बनानी पडती तो क्या होता ? विलेजवाअिज लीस्ट तो क्या लेकिन गिरदावर सर्कल भी तोडने के लिये तैयार नहीं हैं, यह कैसे हो सकता है? हर वक्त यह कहा जता है कि यह अिमप्रॅक्टिबल है। लेकिन यह कहना ठीक नहीं है। अिसके लिये अप रेविन्यू डिपार्टमेंट की मदद लेसकते थे। और दूसरे जो भी स्टॅटिस्टिक्स मौजूद हैं अुनकी मदद ले सकते थे। आज भी आपने जो यह रिपोर्ट पेश की है अुसको डिलिव्हरी में भी आपने रेविन्यू ऑफिसर की मदद ली है तो दूसरे भी कामों में लेने में कोअी हर्ज नहीं था।

अिसके बाद पेज ३९ पर प्यारा ९६ है। वह अिस तरह से है।

"The classification table (given on page 38) thus shows that classification of wet lands in two categories, one with a soil value of 0-8-0 or more and another of remaining lands would not be correct as there would be practically no wet lands with soil value lower than 0-8-0."

अिसमें अेक क्लासिफिकेशन टेबल (Classification table) दिया गया है।

